हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 22 मार्च 2026

[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

06 तहसीलदार ने टीम के साथ एजेंसी पर पहुंचकर...



07 150 से ज्यादा फर्जी सिम एक्टिव करने वाला...



## खबर संक्षेप

### स्टेशन पर निशुल्क जल सेवा का शुभारंभ आज

**विदिशा।** रेलवे स्टेशन पर निशुल्क जल सेवा की शुरूआत रविवार से होने जा रही है। प्लेटफार्म नंबर 1 पर रविवार सुबह 10 बजे शुभारंभ कार्यक्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे, वरिष्ठ समाजसेवी मीना भरत अग्रवाल सहित समाजसेवी मौजूद रहेंगे।

### नाक, कान-गला रोग शिविर आज

**विदिशा।** कृष्णा कॉलोनी स्थित सेवाभारती न्यास में आज रविवार को सुबह 11 बजे नाक, कान व गला रोग शिविर का आयोजन किया गया है। दिल्ली की विशेषज्ञ डॉ. मीना अग्रवाल मरीजों की जांच, परामर्श व ऑपरेशन करेंगी। अध्यक्ष डॉ. हेमंत विश्वास ने लोगों से शिविर का लाभ लेने अपील की।

### माधवगंज पर कवि सम्मेलन 23 को होगा

**विदिशा।** मातृ भूमि युवा परिषद द्वारा 23 मार्च को माधवगंज चौराहे पर शहीद सम्मान समरोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। परिषद के अध्यक्ष नागेंद्र लोधी ने बताया कि कार्यक्रम में कवियत्री कविता तिवारी, सुदीप भोला, स्वयं श्रीवास्तव, लक्ष्मण नेपाली, प्रीति पांडे, पंकज पंडित को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कवि सम्मेलन और शहीद सम्मान समारोह में संख्या में शामिल होने अपील की है।

### करण गुर्जर का नवोदय में चयन

**शमशाबाद।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में छोटे से गांव दूदनखेड़ी के करण गुर्जर का चयन हुआ है। उनकी इस सफलता से परिवार और पूरे गांव में खुशी का माहौल है। करण गुर्जर, नगर परिषद कर्मचारी धर्मेन्द्र गुर्जर के पुत्र हैं। बेटे के चयन की खबर मिलते ही परिवारजनों और ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला।

### टोकन व होम डिलीवरी मॉडल बना मिसाल

**विदिशा।** बिहार और दिल्ली के करीब 15 सदस्यीय कृषि अधिकारियों के दल ने विदिशा जिले का दौरा कर यहां लागू ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली का अध्ययन किया। मप्र में 1 अक्टूबर 2025 से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू इस व्यवस्था का जिले में सफल क्रियान्वयन हुआ है, जो अब अन्य राज्यों के लिए मॉडल बन रहा है। रबी सीजन में लगभग 90 प्रतिशत किसानों ने ई-उर्वरक टोकन के माध्यम से उर्वरक प्राप्त किया। इस प्रणाली से पारदर्शी, सुगम और समयबद्ध वितरण सुनिश्चित हुआ। साथ ही उर्वरकों की होम डिलीवरी व्यवस्था ने किसानों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान की। अधिकारियों ने किसानों से संवाद कर उनके अनुभव जाने, जहां किसानों ने इसे सरल और समय बचाने वाली व्यवस्था बताया। दल ने रामलीला गोदाम, इमलाई सेवा सहकारी समिति और निजी वितरण केंद्रों का निरीक्षण कर पूरी प्रक्रिया को समझा।

ओलावृष्टि से फसलें तबाह, विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने किया प्रभावित गांवों का दौरा

## राजस्व अमले को सर्वे के निर्देश, किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने का आश्वासन

***जिले में हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का प्रशासन द्वारा आंकलन शुरू कर दिया गया है। प्रारंभिक सर्वे में शमशाबाद, नटेरन, कुरवाई और सिरोंज तहसील के कई गांव में फसलों को नुकसान होने की बात सामने आई है। विस्तृत सर्वे शुरू कराया जा रहा है। शनिवार को प्रशासनिक अधिकारी सहित शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने अपने क्षेत्र में खेतों में पहुंचकर जायजा लिया।***


**प्रारंभिक सर्वे पूरा हुआ। विस्तृत सर्वे की तैयारी शुरू।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि के बाद शनिवार विधायक सूर्यप्रकाश मीना स्वयं प्रभावित गांव सुरई मूडरा, अंडिया सहित परस परसौरा पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। साथ ही सांगुल, पिपरिया, तोफाखेड़ी में हुए नुकसान का जायजा लेने अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने किसानों से बात कर उनकी परेशानी सुनी। किसानों ने बताया कि नुकसान से आगामी फसल की तैयारी भी प्रभावित हो सकती है। इस दौरान विधायक मीना ने मौके पर मौजूद राजस्व अमले को सख्त निर्देश दिए कि सर्वे कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि नुकसान का पारदर्शी और सही आकलन कर जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि प्रभावित किसानों को शासन की योजनाओं के तहत शीघ्र मुआवजा मिल सके। नटेरन, शमशाबाद तहसील के अन्य गांवों में भी फसल नुकसान की खबरें सामने आई हैं। विधायक मीना ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वे त्वरित कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट शासन को भेजें, जिससे राहत राशि जल्द जारी हो सके।

प्रशासन की सक्रियता से किसानों में कुछ हद तक राहत की उम्मीद जगी है। विधायक ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी और कोई भी प्रभावित किसान राहत से वंचित नहीं रहेगा। किसान प्रशासन की कार्रवाई और मुआवजा प्रक्रिया पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि उन्हें नुकसान की भरपाई जल्द मिल सके। और वह अगली फसल की तैयारी कर सकें। प्रशासन ने भी प्रारंभिक सर्वे पूरा कर लिया है और विस्तृत सर्वे कराया जा रहा है।



**विदिशा।** खेतो में पहुंचकर किसानों से जानकारी लेते हुए विधायक मीणा।

### प्रारंभिक सर्वे में 35% तक हुआ नुकसान

शुक्रवार को बारिश और ओलावृष्टि के बाद राजस्व व कृषि विभाग ने सभी तहसीलों में प्रारंभिक सर्वे किया। रिपोर्ट के अनुसार विदिशा ग्रामीण तहसील के लश्करपुर व हरुखेड़ी में 25 से 35 प्रतिशत तक फसल नुकसान दर्ज हुआ है। कुरवाई व सिरोंज में 10 से 15 प्रतिशत क्षति की जानकारी मिली है, जबकि अन्य क्षेत्रों में स्थिति सामान्य रही। प्रशासन ने बताया कि आरबीसी 6(4) के तहत राहत राशि का आकलन किया जाएगा। किसी प्रकार की जनहानि या पशुहानि नहीं हुई है। विस्तृत सर्वे जारी है।

### ओलावृष्टि से फसल नुकसान का अफसरों ने किया निरीक्षण

**विदिशा।** जिले के शमशाबाद, नटेरन और कुरवाई सहित विभिन्न क्षेत्रों में हाल ही में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण और सर्वे किया। एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों ने प्रभावित ग्रामों में किसानों के खेतों का बारीकी से जायजा लेकर प्राथमिक आकलन किया तथा आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की। विदिशा तहसील के ग्राम अंडिया में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर एवं एसडीएम क्षितिज शर्मा ने निरीक्षण किया, वहीं ढोलखेड़ी में भी सर्वे किया गया। शमशाबाद व नटेरन क्षेत्र के तोफाखेड़ी, पिपरिया और हीरापुर में भी टीम ने पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया। गुलाबगंज क्षेत्र के संतापुर, अंडिया कलां व गूलरखेड़ी में भी अधिकारियों ने फसलों की स्थिति देखी। प्रशासन ने किसानों को शीघ्र राहत दिलाने का आश्वासन दिया है।

घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर सख्ती

## शहर के कई रेस्टोरेंट्स से 10 सिलेंडर किए जब्त



**विदिशा।** घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करने पर जब्त किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर प्रशासन ने शनिवार को सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर शहर के विभिन्न रेस्टोरेंट्स और दुकानों पर छापेमारी कर 10 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। यह कार्रवाई तहसीलदार प्रीति पंथी और निधि लोधी ने की।

छापेमारी के दौरान कई रेस्टोरेंट और दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग होता पाया गया। प्रशासन ने इन मामलों में सख्ती दिखाते हुए संबंधित संचालकों के खिलाफ पंचनामा कार्रवाई की। तहसीलदार निधि लोधी ने स्पष्ट किया कि शहर में गैस की कोई कमी नहीं है और एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि किल्लत की अफवाहों के मद्देनजर गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया गया।

### गैस एजेंसी संचालकों को भी दिए हैं निर्देश

एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे डिलीवरी से संबंधित जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करें, ताकि उपभोक्ताओं में किसी प्रकार का भ्रम न फैले। तहसीलदार प्रीति पंथी ने जानकारी दी कि वर्तमान में गैस सिलेंडरों की डिलीवरी दो दिनों के भीतर की जा रही है, इसलिए उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने दोहराया कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने छोटे व्यापारियों, विशेषकर चाय-नाश्ते की दुकानों के संचालकों को भी चेतावनी दी है। उन्हें घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग तुरंत बंद करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा आने वाले दिनों में और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

महामंत्री पद पर त्रिकोणीयः राजेश सोनी, उमेश सिंघल व नरेंद्र सोनी के बीच

## व्यापार महासंघ अध्यक्ष पद के लिए राजेश जैन व राजीव जैन के बीच व महामंत्री के लिए त्रिकोणीय होगा मुकाबला

**7 पदों के लिए 19 नामांकन, 29 मार्च को शेष पदों पर होगा मतदान**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

व्यापार महासंघ के आगामी चुनाव, जो 29 मार्च को आयोजित होने जा रहे हैं। शनिवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हुई। इस दौरान जिन प्रत्याशियों ने चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया, उन्होंने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। जानकारी के अनुसार कुल 7 पदों के लिए 19 नामांकन पत्र जमा हुए थे। महामंत्री पद पर उमेश सिंघल, राजेश सोनी खुबाल व नरेंद्र सोनी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए हरीश वाधवानी व आशीष मोदी के बीच चुनाव होगा। उपाध्यक्ष पद पर नीरज चौरसिया और आशीष माहेश्वरी के बीच चुनाव होगा। संयुक्त मंत्री के लिए अनुराग गोयल और राजकुमार नेमा मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए राजकुमार अग्रवाल और मनीष जैन आमने सामने हैं। वरिष्ठ मंत्री पद पर नाम वापसी के बाद जितेन्द्र जैन को निर्विरोध घोषित किया। चुनाव अधिकारी श्यामसुन्दर गर्ग, चंद्रकांत जैन, प्रकाश भंडारी एवं मनमोहन बंसल ने बताया कि चुनाव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी।

### 29 मार्च को होगा चुनाव

विदिशा व्यापार महासंघ के वर्ष 2026-2029 के लिए चुनावों का माहौल तेज हो गया है। अध्यक्ष पद के लिए राजेश जैन और राजीव जैन (गट्टू) के बीच सीधा मुकाबला तय हुआ है। चुनाव 29 मार्च को होंगे, जिसमें शहर के 36 व्यापारी संगठनों के सदस्य नई कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे। सभी की निगाहें मतदान और उसके परिणाम पर टिकी हैं।

### लावारिस मिली रेत खनन की सामग्री

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जिले में कहीं भी अवैध उत्खनन न होने पाए। निर्देशों के पालन में नदी क्षेत्र के पास अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। शनिवार को नटेरन तहसील क्षेत्र भ्रमण के दौरान राजस्व विभाग की टीम द्वारा ग्राम गुरोद के पास सगड़ नदी क्षेत्र में रेत खनन में प्रयुक्त सामग्री जब्त करने की कार्रवाई की गई है। तहसीलदार आनंद कुमार जैन ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम गुरोद के सगड़ नदी क्षेत्र में रेत निकालने का सामान जिनमें दो इंजन, एक छन्ना, दो फुटबॉल हरे रंग की, 4 इंची 1 फुटबॉल हरे रंग की, 3 इंची 12 काले रंग के पाइप लावारिस स्थिति में पाए गए थे, जिन्हें टीम द्वारा जप्त कर नटेरन थाने में रखवाया गया है। इस कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

### गणगौर महापर्व पर चल समारोह निकाला...



**विदिशा।** मारवाड़ी अग्रवाल पंचायत के तत्वावधान में गणगौर महापर्व पर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में चल समारोह निकाला, जो अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट, माधवगंज से प्रारंभ होकर नंदवाना स्थित पंचायत भवन पर संपन्न हुई। हेमलता अग्रवाल ने बताया कि गणगौर पर्व में महिलाएं 16 दिनों तक पूजा, पारंपरिक गीत और सोलह श्रृंगार करती हैं। विवाहित महिलाएं पति की लंबी आयु और अविवाहित कन्याएं मनचाहे वर की कामना करती हैं। यह पर्व शिव और पार्वती की आराधना का प्रमुख लोक उत्सव है, जो विशेष रूप से राजस्थान में मनाया जाता है।

## भाजपा की जिला कोर कमेटी में अब महामंत्री शामिल नहीं किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भारतीय जनता पार्टी की जिला कोर कमेटी में जिले में रहने वाले सदस्यों में से अब महामंत्री को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। पहले कोर कमेटी में जिला महामंत्री को रखा जाता था। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडलेवाल के निर्देशानुसार जिला कोर ग्रुप श्रेणी में प्रभारी मंत्री, सांसद लोकसभा, जिला मुख्यालय से यदि कोई राज्यसभा सांसद है तो वह, राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, राष्ट्रीय मोर्चा पदाधिकारी, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रकोष्ठ संयोजक, प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक, प्रदेश पदाधिकारी, स्थानीय मंत्री विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी, निर्वतमान जिलाध्यक्ष जिले में निवासरत जिले के प्रभारी को शामिल किया जाएगा।

### आज निकलेगा मीनेष जयंती चल समारोह

**विदिशा।** मीना समाज के आराध्य भगवान मीनेष की जयंती पर रविवार को रामजानकी मंदिर ट्रस्ट मीणा समाज वैत्रवती तट पर सुबह 10 बजे से आराध्य देव मीनेष भगवान की पूजन हवन एवं प्रसादी वितरण होगा। 12 बजे से होने वाले कार्यक्रमों में 2 बजे अतिथि सत्कार एवं जनसभा होगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे से चल समारोह प्रारंभ होगा। कार्यक्रम संयोजक जिलाध्यक्ष राजाराम मीणा ने समाजबंधुओं से सभा में शामिल होने अपील की है।

## 2 साल से फरार 10-10 हजार के इनामी गिरफ्तार

**प्रकरण में 4 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में 2 वर्षों से फरार दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

एसपी निर्देशन में जिले में गंभीर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार 21 मई 2024 को कोतवाली क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक युवक और युवती के शव मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। जांच के बाद धारा 306 और 34 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर कुल 6 आरोपियों को नामजद किया गया था। इस प्रकरण में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि दो आरोपी लंबे समय से फरार थे। पुलिस ने लगातार प्रयास करते हुए 19 मार्च 2026 को टीकमगढ़ जिले से जुगल किशोर केवट और राहुल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

### आज 2 क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी

**विदिशा।** रविवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक मुखर्जीनगर फीडर से बिजली बंद रहेगी। इससे ईदगाह चौराह, सांई श्रद्धा कॉलोनी, अनुपम मेगा सिटी, शास्त्री नगर, भगत सिंह कॉलोनी, सांची रोड की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इसी दौरान वाटर वर्क्स फीडर भी बंद रहेगा। जिससे डंडापुरा, बस स्टैंड, शंकर नगर, बांसकुली, बाजाली इंक्लेव, सिंधी कॉलोनी, बक्सरिया, पेड़ी चौराहे, चौपड़ा, शिवाजी चौक, खाई रोड, सब्जी मंडी अदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगी।

मुस्लिम समुदाय को मुबारकबाद देने ईदगाह पहुंचे जनप्रतिनिधि और अधिकारी

## ईदगाह पर अकीदत के साथ पढ़ी गई ईद की नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ईद-उल-फितर का पर्व शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रमजान के 30 रोजों के बाद चांद नजर आते ही मुस्लिम समुदाय में खुशी का माहौल देखा गया। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे।

मुख्य आयोजन विवेकानंद चौराहा स्थित ईदगाह मैदान में हुआ, जहां हजारों लोगों ने एक साथ नमाज अदा की। शहर काजी सैयद साजिद अली ने विशेष नमाज पढ़ाई और देश-दुनिया में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। काजी ने अपने संदेश में रमजान को सब्र, इबादत और आत्मसंयम का प्रतीक बताते हुए जरूरतमंदों की मदद करने और फिजूलखर्ची से बचने की अपील की। ईद के मौके पर जनप्रतिनिधि भी ईदगाह पहुंचे और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर, आनंद प्रताप सिंह, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रविसाहू सुशील शर्मा, आशीष माहेश्वरी, अर्पित उपाध्याय, वैभव भारद्वाज, बृजेंद्र वर्मा, संतोष कुशवाह, जय शर्मा, राजू मालवीय, राकेश साहू, संतोष अहिरवार मौजूद रहे।

### एक-दूसरे के घर जाकर मिठाइयां बांटीं और खुशियां साझा कीं



### ईद पर सेवा और सद्भाव की मिसाल

**विदिशा।** ईद के अवसर पर पूरे जिले में पर्व शांति और भाईचारे के साथ मनाया गया। "अपना घर आश्रम" में मुस्लिम समाज ने सेवा कार्य करते हुए बुजुर्गों और जरूरतमंदों को भोजन व सिमैया वितरित की। कार्यक्रम का नेतृत्व सोहेल अहमद बबलू ने किया। शहर काजी सैयद साजिद अली सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और एकता का संदेश दिया। अंत में संस्था अध्यक्ष डॉ. जीके माहेश्वरी ने आभार व्यक्त किया। आयोजन सामाजिक सौहार्द और इंसानियत की मिसाल बना।

नल-जल योजना ठप, पानी के लिए जूझ रहे ग्रामीण

## रात में लग रही लाइन, पानी को लेकर बढ़ते जा रहे विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭आनंदपुर

ग्राम पंचायत जावती में पिछले 8-10 महीनों से नल-जल योजना बंद पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने गंभीर हैं कि लोगों को रात में ही नलों पर लाइन लगानी पड़ रही है। पानी की कमी के चलते गांव में आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है।

हाल ही में पानी भरने को लेकर हुए एक विवाद में मामला इतना बढ़ गया कि एक व्यक्ति ने दूसरे पर पत्थर से हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत नियमित जल आपूर्ति नहीं कर रही, जबकि नल-जल योजना के नाम पर 100 से 200 रुपए तक की वसूली की जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि योजना के तहत किए गए बोरिंग का पानी खेतों की सिंचाई में इस्तेमाल हो रहा है, जबकि पीने के पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। इस संबंध में जनपद सीईओ उदय प्रताप सिंह से संपर्क नहीं हो सका।

अनुभागीय अधिकारी नितिन जैन ने मामले को गंभीर बताते हुए वैकल्पिक व्यवस्था से जल आपूर्ति शुरू कराने और लापरवाही पर कार्रवाई की बात कही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र स्थायी समाधान की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### लापता युवक का तीसरे दिन भी नहीं चला पता

**गंजबासौदा।** गुरूवार की शाम को बेतवा नदी के रिपटा घाट से लापता युवक का तीसरे दिन भी कोई पता नहीं चल सका है। लापता युवक का नाम नौशाद है और उसकी बाइक, कपडे, मोबाइल घाट पर मिले थे। गत शाम से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### भडेरू रेलवे फाटक 10 दिन तक बंद रहेगा

**गंजबासौदा।** भडेरू रेलवे फाटक 10 दिन तक यातायात के लिए बंद रहेगा। रेलवे सीनियर सेक्शन इंजीनियर जीएल कीर ने बताया कि फाटक स्थित ट्रैक पर गिट्टी की छनाई, मरम्मत का कार्य चलेगा। इसके लिए 20 से 30 मार्च तक फाटक से यातायात बंद रहेगा। विकल्प के रूप में फाटक क्रमांक 290 परसोरा पर बना अंडर ब्रिज यातायात के लिए उपलब्ध रहेगा।

### बसपा ने ज्ञापन सौंपा



**गंजबासौदा।** मुकेश अहिरवार को प्रताडित करने वाले मुन्ना महाराज पर कार्रवाई की मांग को लेकर बहुजन समाज पार्टी द्वारा एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा गया। जिसमें धारा 103 बीएनएस एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने एवं पीड़ित परिवार को सहायता राशि व नौकरी दिलाने की मांग की गई। इस अवसर पर अनेक बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पाठक संघ ने मनाया विश्व गौरैया दिवस



**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय पाठक संघ क्रे तत्वावधान में विश्व गौरिया दिवस, विश्व खुशी दिवस एवं रानी अवन्ति बाई लोधी क्रे बलिदान दिवस सहित अन्य दिवस का अयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित पाठकगणों ने विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान क्रे अध्यक्ष एवं समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि प्रति वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस एवं विश्व खुशी दिवस मनाया जाता है, उन्होंने वीरांगना रानी अवंतिका बाई लोधी क्रे बलिदानी इतिहास क्रे बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने की जरुरत पर बल दिया। वहीं वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने उपस्थित सभी लोगों को गोरैया बचाने एवं समाज क्रे लोगों में खुशियों बांटने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर कैलाश नेमा, उमेश ताम्रकार सहित अन्य पाठकगण उपस्थित थे।

# दूसरे दिन भी आसमान में छाए बादल, बूंदाबांदी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को लगातार दूसरे दिन मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। आसमान में बादलों ने अपना डेरा जमाए रखा, रुक रुक कर तेज हवा चलती रही। मौसम के इस अनिश्चित व्यवहार ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है, जिसके चलते वे अपनी पकी हुई फसलों को सुरक्षित समेटने की कवायद में जुट गए हैं। किसानों के अनुसार, गेहूं और चने की फसलें पूरी तरह पककर तैयार हैं। शुक्रवार को हुई बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि ने पहले ही मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अब शनिवार को फिर से बदले मौसम को देखकर किसानों में भय व्याप्त है। शनिवार को बूंदाबांदी होने से किसानों ने राहत की सांस ली। किसानों का कहना है कि यदि तेज बारिश हुई, तो उनकी मेहनत बर्बाद हो सकती है। नुकसान से बचने के लिए किसान अब हार्वेस्टर मशीनों का सहारा ले रहे हैं ताकि कटाई का काम जल्द से जल्द निपटाया जा सके। हार्वेस्टर की मदद से फसल को तेजी से काटकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। शुक्रवार की बारिश और तेज हवा से कई खेतों में खड़ी फसलें आड़ी हो गई हैं, जिससे कटाई में भी परेशानी आ रही है। किसानों ने बताया कि जो फसलें कटकर खेतों में ही रखी थीं, वे भी शुक्रवार की बारिश से प्रभावित हुई हैं। अब किसानों का प्रयास यह है कि मौसम और अधिक खराब होने से पहले अनाज को घर या मंडियों तक पहुंचा दिया जाए।

# रात्रि में एम्बूलेंस अनियंत्रित होकर मकान से टकराई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को रात्रि के समय नगर के वार्ड क्रमांक 8 बेदनखेड़ी क्षेत्र में एक एम्बूलेंस अनियंत्रित होकर मकान के आगे निकली सीसी की सीढियों से टकराकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। यह तो अच्छा हुआ कि जिस समय यह हादसा हुआ उस समय कोई घर के बाहर नहीं बैठा था। नहीं तो बड़ा हादसा घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक लापरवाही पूर्वक तेज गति से वाहन चला रहा था, इसी दौरान यह हादसा हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मकान की दीवार और सीसी की सीढ़ियां टूट गईं एवं एम्बुलेंस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। इस दौरान मौके पर रहवासियों की भीड़ जमा हो गई।

## सिलेंडर उपलब्ध हैं, पैनिक न हों और अनावश्यक स्टॉक न करें

# तहसीलदार ने टीम के साथ एजेंसी पर पहुंचकर स्टॉक की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश के बाद शनिवार को प्रशासनिक अमले ने रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित शीतला गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार अरविंद यादव के नेतृत्व में दल ने गैस सिलेंडरों की सप्लाई और स्टॉक की स्थिति का जायजा लिया, ताकि शहर में ईंधन की उपलब्धता तय की जा सके।

तहसीलदार अरविंद यादव ने निरीक्षण के बाद पुष्टि की कि एजेंसी के पास वर्तमान मांग के अनुसार पर्याप्त गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार शहर की सभी गैस एजेंसियों की नियमित जांच की जा रही है। अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और पैनिक बुकिंग या अनावश्यक स्टॉक न करें। प्रशासन ने उपभोक्ताओं को सलाह दी है कि गैस एजेंसियों पर भीड़ लगाने के बजाय ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग करें। अपने पंजीकृत नंबर से बुकिंग करने पर सिलेंडर की होम डिलीवरी सीधे घर पर की जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं का समय बचेगा और अव्यवस्था से बचा जा सकेगा। तहसीलदार अरविंद यादव ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। लगातार हो रही इन जांचों का उद्देश्य यह तय करना है कि हर पात्र उपभोक्ता को समय पर और सही कीमत पर सिलेंडर प्राप्त हो सके। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गैस एजेंसी की जांच के बाद तहसीलदार टीम के साथ नगर के विभिन्न होटलों और दुकानों पर पहुंचे जहां गैस सिलेंडरों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान तहसीलदार अरविंद यादव, पटवारी अनिल शर्मा, शहर कोतवाली स्टॉफ ने होटल और दुकानों में उपयोग हो रहे गैस सिलेंडरों के स्टॉक और उनके उपयोग का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान होटल संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि घरेलू गैस यानी लाल सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग किसी भी स्थिति में न किया जाए। तहसीलदार ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कहीं भी गैस की कालाबाजारी या अवैध उपयोग पाया गया तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा प्रशासन की टीम ने स्टेशन रोड स्थित कपड़े के शोरुम पर




भी पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता की जांच की। प्रशासन की इस कार्रवाई से होटल संचालकों और व्यापारियों में हड़कंप मच गया है अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की जांच लगातार जारी रहेगी।

## एकता यात्रा के दौरान स्वागत किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सरदार वल्लभ भाई पटेल की एकता यात्रा का त्योंदा में तहसील के सामने ग्रामवासियों द्वारा फूल, मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल के स्तंभ एवं चरण पादुका पर त्योंदा क्षेत्र के लोगों ने पुष्प मालाएं अर्पित कीं। इस दौरान अनेक लोग मौजूद रहे।

## वार्ड क्रमांक 16 स्वच्छता प्रतियोगिता में आया अव्वल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के अंतर्गत स्वच्छ बाजार श्रेणी में सदर बाजार, वार्ड क्रमांक 16 ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर ऋचा संजय भावसार स्वास्थ्य एवं चिकित्सा प्रभारी, नगर पालिका, पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा, शैलेंद्र यादव, कौशलेंद्र त्रिपाठी एवं नगर पालिका मेट राजेश बाल्मीकि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान वार्ड के सफाई कर्मी बहादुर सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। जिससे अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में नगर पालिका की सहयोगी संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अभिषेक शर्मा की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने जनजागरूकता के माध्यम से स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखे जाएंगे तथा प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएगा।


## पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला

**गंजबासौदा।** त्योहारों को ध्यान में रखते हुए गत दिवस पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। चैत्र नवरात्रि और ईद के मद्देनजर निकाले गए इस मार्च के जरिए पुलिस ने असामाजिक तत्वों को चेतावनी दी और आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसडीओपी शिखा भलावी के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च शहर थाना परिसर से



प्रारंभ हुआ। पुलिस बल सिटी मार्ग, जवाहर रोड और तिरंगा चौक होते हुए बरेठ रोड पहुंचा। वहां से जयस्तंभ चौराहे, मील रोड और त्योंदा रोड का भ्रमण करते हुए वापस थाना परिसर में पहुंचा। मार्च में शहर थाना और देहात थाना का संयुक्त पुलिस बल शामिल रहा। इसके अलावा विशेष पुलिस बल की तैनाती भी की जा रही है। इसी प्रकार ईद के अवसर पर भी नगर के प्रमुख भागों और ईदगाहों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे। एसडीओपी शिखा भलावी ने बताया कि नवरात्रि के दौरान सुबह के समय मंदिरो और मुख्य मार्गों पर पुलिस की गस्त चल रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संगठित समाज ही राष्ट्र की शक्तिः परमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संगठित समाज ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति होता है। नव संवत्सर केवल नए वर्ष का प्रारंभ नहीं, बल्कि आत्म चिंतन, नवसंकल्प और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने का अवसर है। उक्त उद्गार बहलोट बायपास स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्कर्ष भवन में गुरुवार को हिंदू नववर्ष नव संवत्सर एवं गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रचारक राकेश परमार ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित, संस्कारित और अपने मूल्यों के प्रति सजग होता है, तभी राष्ट्र सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बनता है। संघ का मूल उद्देश्य भी व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज को संगठित कर राष्ट्र को सशक्त बनाना है। परमार ने बताया कि इसी पावन दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, संगठन और भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि हिंदू नववर्ष हमारी प्राचीन संस्कृति, परंपरा और वैज्ञानिकता का प्रतीक है, जो हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित स्वयंसेवकों एवं नागरिकों को समाज में समरसता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के भाव को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। पूरे आयोजन में गरिमा, अनुशासन और राष्ट्र समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम का प्रारंभ संघ प्रार्थना से हुआ। कार्यक्रम में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासित रूप से उपस्थित रहे, जिससे संघ की परंपरा और संगठनात्मक शक्ति का परिचय के साथ राष्ट्रभाव, संस्कृति और संगठन की सशक्त झलक देखने को मिली। मंच पर मुख्य मंचासीन अधिकारियों में सुरेश देव विभाग संचालक, विनोद शाह जिला संघ चालक मौजूद रहे। मुख्य शिक्षक शुभम राय ने मंच का संचालन किया।

### छात्र के प्रेरणा स्त्रोत हैं केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पर्यावरणविद स्वर्गीय अनिल यादव

# तीन वर्ष पूर्व जन्मदिन पर लगाए पौधे में आने लगे बौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं पर्यावरण विद् वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय अनिल यादव की प्रेरणा से कस्बा बागरोद निवासी एक बालक ने दो वर्ष पूर्व पौधरोपण किया था। अब यह पौधा नियमित देखभाल और संरक्षण से विकसित हो चुका है और उसमें फल भी आना शुरू हो गए हैं।

कस्बा बागरोद निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ बलिराम यादव के पौत्र एवं मंडल उपाध्यक्ष दीपक यादव के पुत्र कार्तिक ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं वरिष्ठ पर्यावरणविद की प्रेरणा से अपने जन्मदिवस 11 अप्रैल 2023 को आम का पौधा रोपा था। कक्षा 9 के छात्र कार्तिक ने नियमित रूप से पौधे की देखभाल की और अब यह पौधा विकसित होकर फल देने की अवस्था में आ गया है। अब पौधे बौर लगने के बाद छोटे छोटे फल भी आ गए हैं। जिन्हें देखकर कार्तिक उत्साहित हैं और अपने दोस्तों एवं अन्य बच्चों को भी जन्मदिवस या महत्वपूर्ण अवसरों पर पौधरोपण की प्रेरणा दे रहे हैं।

### ईदगाह पर हुई सामूहिक नमाज

**गंजबासौदा।** शनिवार को ईदुल फितर का पर्व मुस्लिम समाज द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया। ईद का चाँद दिखाई देने पर ईद की नमाज ईदगाह पर सुबह 7:30 बजे एवं नूरानी मस्जिद में 8 बजे एवं मकबरा शरीफ वाली मस्जिद में 8:15 बजे ईद की नमाज अदा की गई। ईद के त्यौहार के चलते छोटे छोटे बच्चों में उत्साह देखा गया। बच्चे नए कपड़े पहनकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दे रहे थे। वहीं मुस्लिम समाज के लोगों ने भी एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हुए गले मिलकर अपनी खुशी का इजहार किया। ईद के चलते दिन भर चहल पहल देखी गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे के घरों पर परिवारजनों के साथ पहुंचकर मीठी सिवई आदि का सेवन कर ईद का पर्व मनाया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने भी ईद की बधाई दी।

# महिलाओं के लिए विशेष ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गंजबासौदा ब्लॉक में UNICEF LEHS W-AI के सहयोग से "जीरो डोज" कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए एक विशेष ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय स्तर पर टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं महिलाओं की समझ को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में लगभग 55 SHG महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। ओरियंटेशन के दौरान सभी प्रतिभागियों को नियमित टीकाकरण के महत्व, छूटे हुए जीरो डोज बच्चों की पहचान एवं उन्हें टीकाकरण से जोड़ने की रणनीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, महिलाओं को समुदाय में टीकाकरण जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य दूत के रूप में कार्य कर सकें। कार्यक्रम में विशेष रूप से HPV वैक्सीन के बारे में जानकारी दी गई और किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को इसके महत्व के प्रति जागरूक किया गया, जिससे भविष्य में गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव हो सके। इस अवसर पर ग्राम के रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी गौर, सहायिका मिश्री, ग्रामीण महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं। साथ ही LEHS W-AI UNICEF के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमित शर्मा , देवेंद्र की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह ओरियंटेशन कार्यक्रम "जीरो डोज" पहल को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिससे आने वाले समय में अधिक से अधिक बच्चों को नियमित टीकाकरण से जोड़ा जा सकेगा।

### सात दिवसीय भक्तमाल कथा का शुभारंभ

**गंजबासौदा।** नौलखी आश्रम में चल रहे द्वितीय पाटोत्सव के मौके पर शनिवार से सात दिवसीय श्री भक्तमाल कथा का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ हुआ। जहाँ प्रथम दिवस पर ही ऐसा दिव्य वातावरण निर्मित हुआ कि पूरा परिसर हरि नाम, राम नाम और संकीर्तन की मधुर ध्वनि से गुंजायमान हो उठा। कथा के प्रारंभ में श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा वाचक डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने प्रथम दिवस भक्तमाल के महात्म की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भक्तमाल कोई सामान्य कथा नहीं, बल्कि यह भक्तों के चरित्र, उनकी तपस्या, त्याग और परम भक्ति का ऐसा अमृत है जिसे सुनकर स्वयं भगवान भी प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि बिना भक्ति के भगवान का चरित्र भी अधूरा है, क्योंकि भगवान की महिमा का वास्तविक अनुभव उनके भक्तों के जीवन से ही होता है, श्रीराम ने समुद्र पर सेतु का निर्माण किया, परंतु भक्त हनुमान ने उसी सेतु को लांघकर यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची भक्ति में वह शक्ति है।



## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ


**सिरोंज।** शनिवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से संबंद्ध नवांकुर संस्था प्याराखेड़ी जय मां जन सेवा समिति द्वारा सेक्टर इमलानी में कुंआ बाबड़ी व्रक्ष की पूजन कर एवं संगोष्ठी आयोजित कर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्यायों द्वारा कुंआ पूजन कर एवं गंगा मैया की आरती के साथ विधीवत शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात उपस्थित नागरिको द्वारा इमलानी हनुमान पर स्थित वट वृक्ष की पूजा कर व्रक्ष बचाने का संकल्प लिया। इसी के साथ नवांकुर संस्था प्रभारी देवेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा संगोष्ठी आयोजित कर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर परामर्शदाता के.सी पटेल द्वारा जैविक क्रषि के बारे में बताया। वही विश्व हिंदू परिषद् मठ मंदिर प्रमुख प्रदीप राठौर ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही जर्नलिस्ट यूनियन आफ जंप के जिला प्रभारी रघुवीर प्रजापति ने कुंआ बाबड़ी के महत्व के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति इमलानी अध्यक्ष बाबू सिंह राजपूत,समिति सचिव नवल राठौर,गुलाब सिंह,गोपाल सिंह,निखिल,राकेश,चंदू शर्मा, छगन सिंह राजपूत,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता विश्वकर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित रहें।

### एक चेहरे से कई सिम बेचने वाले एजेंट बेनकाब

# 150 से ज्यादा फर्जी सिम एक्टिव करने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**संचार साथी ऐप का उपयोग कर अपने नाम पर जारी सिम कार्डों की जानकारी अवश्य जांचें**

**ऑपरेशन एफएसीई के तहत पुलिस का डबल एक्शन, सिरोंज व बासौदा देहात में फर्जी सिम गिरोह पर करारा प्रहार**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में फर्जी सिम विक्रेताओं के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन एफएसीई के अंतर्गत सिरोंज एवं बासौदा देहात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई करते हुए फर्जी तरीके से सिम एक्टिव कर विक्रय करने वाले पीओएस एजेंटों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि पीओएस एजेंटों द्वारा अलग-अलग उपभोक्ताओं के आधार कार्ड,वोटर आईडी का दुरुपयोग कर, उनकी जानकारी के बिना, उपभोक्ताओं के फोटो के स्थान पर स्वयं का फोटो लगाकर बड़ी संख्या में सिम कार्ड एक्टिव किए जा रहे थे। तो वही सायबर सेल विदिशा से प्राप्त सीएएफ रिपोर्ट के आधार पर जांच में पाया गया कि पीओएस एजेंट छत्रवंश उर्फ संजू कुशवाह द्वारा वर्ष 2021-22 के दौरान लगभग 150 से अधिक फर्जी सिम कार्ड एक्टिव किए गए। आरोपी द्वारा एक ही प्रकार के नाम-पते का उपयोग कर वास्तविक उपभोक्ताओं की पहचान छिपाने का प्रयास किया गया। प्रकरण में जांच के दौरान थाना बासौदा देहात में आरोपी गंजबासौदा मिर्जापुर निवासी छत्रवंश उर्फ संजू कुशवाह के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी का कृत्य प्रथम दृष्टया धारा 419, 420, 468, 471 भादवि, 66सी, 66डी आईटी एक्ट एवं 42(3)(ई) दूरसंचार अधिनियम के अंतर्गत पाए जाने पर विधिवत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वही 20 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय गंजबासौदा में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

अधिक बोनस व कमीशन प्राप्त करता था आरोपी - पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अधिक सिम विक्रय दर्शाकर कंपनियों से बोनस एवं कमीशन प्राप्त करता था। इसके अलावा सिमों को अन्य कंपनियों में पोर्ट कर पुनः लाभ अर्जित करता रहा। फर्जी सिमों के माध्यम से डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे पेटीएम आदि पर खाते बनाकर भी आर्थिक लाभ लिया गया। कई सिम बंद हो चुकी हैं, जबकि कुछ अन्य व्यक्तियों को पुनः आवंटित होने की संभावना है। इसी के साथ 19 मार्च को डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिरोंज क्षेत्र में एक ही चेहरे से कई सिम एक्टिव करने का मामला सामने आया। इस पर अपराध क्रमांक 120/26 धारा 419, 420, 468, 471 भादवि एवं 66(सी), 66(डी) आईटी एक्ट तथा 42(3)(म) दूरसंचार अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर हाजीपुर सिरोंज निवासी 35 वर्षीय इम्तियाज,दरीवालन सिरोंज निवासी फराज सहित गंजबासौदा मिर्जापुर निवासी छत्रवंश कुशवाह को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

संचार साथी ऐप का रहे उपयोग - उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी लटेरी,अतिरिक्त प्रभार सिरोंज अमरेश बोहरे एवं एसडीओपी बासौदा श्रीमती शिखा भलावी के मार्गदर्शन में की गई। इस कार्रवाई में निरीक्षक विमलेश कुमार राय, थाना प्रभारी देहात बासौदा निरीक्षक मनोज दुबे, उनि गौरव रघुवंशी (सायबर प्रभारी), उनि राकेश रघुवंशी, प्र.आर. पवन जैन, प्र.आर. दिव्यक्रांति भार्गव, आरक्षक शशांक, आरक्षक विष्णु, आरक्षक राम निवास मीना एवं आरक्षक राहुल झा की सराहनीय भूमिका रही। वही पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने नागरिकों से अपील की है कि वे संचार साथी ऐप का उपयोग कर अपने नाम पर जारी सिम कार्डों की जानकारी अवश्य जांचें। किसी भी अनधिकृत या संदिग्ध सिम को तुरंत बंद कराएं एवं इसकी सूचना पुलिस को दें, जिससे साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

### गले मिलकर ईद की खुशियां बांटी

## उल्लास के साथ मनाई गई ईद, अमन चैन की मांगी दुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईद-उल-फितर का पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार देर शाम आसमान में चांद नजर आते ही लोगों ने खुदा का शुक्र अदा किया। पवित्र माह रमजान में एक माह तक इबादत करने के बाद शनिवार को ईद-उल-फितर मनाई गई। इस दिन त्योहार की खुशी दूध और सूखे मेवों से बनी मीठी सेवइयों के साथ मनाते हैं। यह पर्व लोगों के बीच प्रेम और भाईचारे का प्रतीक रहा है। ईद के मौके पर छोटे बच्चे ईदी पाने के लिए इस त्योहार का बेसब्री से इंतजार करते हैं। पूरे एक महीने के रोजे रखने के बाद ईद आती है। जब ईद के चांद का दीदार पूरी दुनिया में होता है तो रोजा रखना मुकम्मल होता है। ईद इस्लाम के सबसे खास त्योहारों में से एक है। ईद के दिन बंदे न केवल अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं,बल्कि वे अपने और अपने करीबी लोगों के लिए अल्लाह से दुआ भी करते हैं। ईद-उल-फितर के त्योहार पर एक दूसरे को गले मिलकर प्यार दिया जाता है।

एक दूसरे को गले मिलकर दी ईद की बधाई - हर चेहरे पर खुशियां,गले मिलकर एक-दूसरे को मुबारकबाद देने की होड़ यह सारा दृश्य ईद की खुशियों की गवाही दे रहा था। शनिवार की सुबह ईदगाह पर ईद की विशेष नमाज अदा की गई। वही लगभग 10 हजार लोगो ने ईदगाह पर ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद हिन्दू मुस्लिम भाईयो ने आपस में गले मिलकर लोगों ने ईद की खुशियां बांटी। ईद की खुशियों में सेवइयों की मिठास भी घुली रही। पर्व की खुशियों में हर वर्ग के लोग शामिल हुए। रमजान माह के रोजों के बाद ईद का पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईदगाह पर सभी राजनैतिक पार्टी भाजपा एवं कांग्रेस के नेता भी पहुंचे। जिन्होने मुस्लिम भाईयों को ईंद की बधाई दी।

## सिरोंज में पुलिस अलर्ट मोड पर

**सिरोंज।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन में, नवरात्रि एवं आगामी त्योहारों के मद्देनजर सिरोंज क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी सिरोंज निरीक्षक विमलेश राय एवं पुलिस स्टाफ द्वारा डॉग स्क्वॉड टीम के साथ महामाई माता मंदिर परिसर, कार्यक्रम स्थल, झूले,दुकानों,बस स्टैंड एवं प्रतीक्षालय जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिससे आमजन सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना सकें।




# आज प्रसिद्ध भजन गायिका स्वास्ति मेहुल देंगी मैया के मधुर भजनों की प्रस्तृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के प्रसिद्ध महामाई मंदिर परिसर में चल रहे भव्य मेले में इन दिनों भक्ति,संस्कृति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन आयोजित हो रहे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज प्रसिद्ध भजन गायिका स्वास्ति मेहुल अपनी मधुर वाणी से भक्तों को भाव-विभोर करेंगी।

उनके लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह बना हुआ है एवं दिन के समय महामाई सेवा समिति के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया जायेंगा। नवरात्रि पर्व प्रारंभ होते ही महामाई मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। दूर-दूर से भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और पूरे श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। मेले के अंतर्गत प्रतिदिन दोपहर के समय आकर्षक रासलीला तथा रात्रि में भव्य रामलीला का मंचन किया जा रहा है, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हो रहे हैं। सुबह-शाम आरती में उमड़ रही भीड़ - नवरात्रि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह 04:00 बजे एवं शाम 08:30 बजे महामाई मैया की आरती विधि-विधान से की जाती है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर आरती में सहभागिता करते हैं और धर्म लाभ अर्जित करते हैं। मंदिर परिसर में गूंजते भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।



### अनुष्ठानों का किया आयोजन

इसके साथ ही मेले में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का भी आयोजन किया जा रहा है। विशेष रूप से श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ का आयोजन निरंतर जारी है, जिसमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और यज्ञ में आहुति देकर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# दिनरात उजड़ रहे जंगल, वन विभाग मौन, सागौन की बेशकीमती लकड़ी पर वन माफिया का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ़

हैदरगढ़ ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत सर्किल हैदरगढ़ में जंगलों की अंधाधुंध कटाई का मामला सामने आया है, हैदरगढ़ सर्किल की बीट चिर्रोदा और मोहम्मदगढ़ के मर्दानपुर क्षेत्र (कक्ष क्रमांक 78, 79) में हरे-भरे पेड़ों को बेरहमी से कुल्हाड़ियों से काटा जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के वनरक्षक के द्वारा ही कुलहड़ियां चलाई जा रही है माफिया दिन-रात सक्रिय हैं, लेकिन वन विभाग मिली भगत से पूरी तरह खामोश बना हुआ है।जानकारी के अनुसार, सैकड़ों की संख्या में बेशकीमती सागौन के बल्लिया व पेड़ काटकर जंगल में ही ढेर लगा दिए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि

### जंगल के अंदर जाते ही मैदान नजर आता है

मुख्य सड़कों के किनारे भले ही हरियाली दिखाई देती हो, लेकिन जैसे ही 200-300 मीटर अंदर जाया जाए, तो जंगल पूरी तरह साफ नजर आता है और उसकी जगह खेती होती दिखाई देती है। यह स्थिति साफ तौर पर वन विभाग की लापरवाही और मिलीभगत की ओर इशारा करती है। इस संबंध में जब जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता, वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव, वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंजर मुस्कान शिवहरे से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने जवाब देना उचित नहीं समझा।

इस महंगी लकड़ी की बाजार में ऊंची कीमत मिलती है और इसका उपयोग महंगे फर्नीचर बनाने में किया जाता है, जबकि अन्य लकड़ी का उपयोग ईंट भट्टों और निजी कार्यों में हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि वन विभाग के डिप्टी और नाकेदार को पूरे मामले की जानकारी होने के बावजूद अब तक किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे वन माफिया के हौसले और बुलंद हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि हैदरगढ़ ग्यारसपुर क्षेत्र में जंगलों का बड़ा हिस्सा है, लेकिन जिन अधिकारियों पर इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वे जमीनी स्तर पर नजर नहीं आते। हालात यह हैं कि जहां कभी घना जंगल हुआ करता था, वहां अब सिर्फ ठूंठ ही नजर आते हैं।

## दूरदर्शन पर काव्य पाठ करेंगे विदिशा के सतेन्द्र

**विदिशा।** देश भर में लगातार अपनी कविताओं के माध्यम से अपना और अपने क्षेत्र का नाम रौशन करने वाले कवि सतेन्द्र धाकड़ सत्यज जल्दी ही राष्ट्रीय चैनल दूरदर्शन पर दिखाई देंगे। सत्यज अखिल भारतीय साहित्य परिषद श्योपुर के जिलाध्यक्ष होने साथ साथ राष्ट्रीय कवि संगम मध्य भारत प्रांत के प्रांत मंत्री के दायित्व का भी निर्वहन कर रहे हैं। अभी तक सतेन्द्र सत्यज ने सैकड़ों कवि सम्मेलन में देश के प्रख्यात कवियों के साथ काव्य पाठ किया है। देश की कई कॉलेज जैसे एनआईटी, एमबीबीएस और अन्य इंजीनियरिंग कॉलेज में काव्यपाठ कर चुके हैं वहीं प्रदेश के 10 से अधिक टीवी चैनल पर भी अपनी कविताओं की प्रस्तुति दे चुके हैं कई पत्र पत्रिकाओं में सत्यज की कविताओं का प्रकाशन होता रहा है।



# कम्पार्टमेंट 466 बना 'कब्जे का किला' जंगल गायब करोड़ों की जमीन पर खेती और मकान, विभाग मौन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ आनंदपुर

लटेरी उत्तर रेंज का कम्पार्टमेंट नंबर 466 अब जंगल नहीं, बल्कि अतिक्रमणकारियों का मजबूत किला बन चुका है। हालात इतने भयावह हैं कि पूरे कम्पार्टमेंट में वन भूमि का नामोनिशान मिट चुका है और हर इंच जमीन पर खेती, मकान और निजी संसाधनों का कब्जा नजर आ रहा है। कभी जहां सागौन और अन्य कीमती पेड़ों की हरियाली लहराती थी, आज वहीं गेहूं, चना और अन्य फसलें लहलहा रही हैं। "हरा सोना" कहे जाने वाले जंगल को पूरी तरह साफ कर खेतों में तब्दील कर दिया गया है।

कम्पार्टमेंट 466 में अतिक्रमण कोई अचानक हुई घटना नहीं, बल्कि वर्षों से चल रहा एक सुनियोजित खेल है। ग्रामीणों ने न सिर्फ खेती शुरू कर दी है, बल्कि पक्के मकान, बाड़े और सैकड़ों ट्यूबवेल तक खड़े कर दिए हैं। ग्राम परवरिया सहित आसपास के गांवों के लोगों ने इस वन भूमि पर कब्जा जमा लिया है, जिसकी बाजार कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े स्तर पर अतिक्रमण के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई सामने नही

### नजराना दो, कब्जा करो आरोपों ने खोली पोल

स्थानीय ग्रामीणों के आरोप इस पूरे मामले को और गंभीर बना देते हैं। उनका कहना है कि हर फसल सीजन में "डिप्टी नाकेदार" को प्रति बीघा के हिसाब से अनाज दिया जाता है, जिसके बदले आंखें मूंद ली जाती हैं। अगर ये आरोप सही हैं, तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि वन विभाग के कुछ कर्मचारियों की सीधी मिलीभगत और संरक्षण की ओर इशारा करता है।

### शिकायतें हुईं, कार्रवाई नहीं आखिर किसका है दबाव?

अतिक्रमण को लेकर क्षेत्र में कई बार विवाद और शिकायतें सामने आईं, लेकिन हर बार मामला दबा दिया गया। सवाल यह उठता है कि आखिर किसके दबाव में कार्रवाई नहीं हो रही? क्या यह पूरा खेल ऊपर तक सेटिंग का नतीजा है? क्या जानबूझकर जंगल को कब्जाधारियों के हवाले किया गया? क्या विभाग के अंदर ही संरक्षण दिया जा रहा है? जिम्मेदारों की चुप्पी, सिस्टम पर सवाल पूछने जब इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई, तो किसी ने जवाब देना जरूरी नहीं समझा। रेंजर राजेंद्र सहरिया फोन रिसीव नहीं, डीएफओ हेमंत यादव संपर्क नहीं हो सका, वहीं, कम्पार्टमेंट में पदस्थ डिप्टी मनोज मिश्रा का बयान चौंकाने वाला रहा कम्पार्टमेंट 466 तो पूरी तरह आवाद हो चुका है। धरातल पर कुछ बचा ही नहीं, अब हम क्या कर सकते हैं।

**काल गणना विषयक संगोष्ठी का आयोजन आजः विदिशा।** भारतीय सनातन संस्कृति के आधार पर नववर्ष के उपलक्ष्य में संस्कृत भारती इकाई विदिशा द्वारा काल गणना विषय पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन आज शाम 6:30 बजे नागेश्वर मंदिर इन्द्रा कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा। संस्कृत भारती के जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम में मध्यभारत प्रांत के संगठन मंत्री डॉ. जागेश्वर पटले अध्यक्षता करेंगे। संगोष्ठी में गंजबासौदा के विद्वान केशव शास्त्री, भोपाल से योगेन्द्र शास्त्री एवं शिवानंद शास्त्री सहित नगर के श्रीराम केशव लोकरे शास्त्री, सुरेन्द्र मिश्र, अंकित कृष्ण तेनगुरिया, संजय पुरोहित, पुनीत संज्ञा और मनोज व्यास काल गणना के धर्मशास्त्रीय पहलुओं पर विचार व्यक्त करेंगे। आयोजन में नगरवासियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है।

### बेटियों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एचपीवी टीका करण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने अभिभावकों से अपील है कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रांति में न आएं और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपनी बेटियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवावें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से 14 से 15 वर्ष आयु की बेटियों के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

### हमें अपने त्योहार को शांति और सामाजिक सद्भावना के साथ मनाना चाहिएः डॉ सरस

**सागर।** यह नवदुर्गा का पर्व शारीरिक और मानसिक शुद्धि के साथ ही ऋतु परिवर्तन के समय स्वास्थ्य रक्षा भी करता है। हिंदू धर्म में यह नारी शक्ति का एक दिव्य ऊर्जा की आराधना का महापर्व है, नवदुर्गा की उपासना हमें आत्मशक्ति, धैर्य और साहस के साथ जीवन में आने वाली बधाओं से पार पाने की प्रेरणा देती है। नवरात्रि में भक्तगण 9 दिनों तक सात्विक व्रत करते हैं जिसमें प्याज, लहसुन और तामसिक भोजन त्याग कर सात्विक आहार ग्रहण करते हैं यह उपवास आदमी के शरीर मन और आत्मा को शुद्ध करने का एक वैज्ञानिक और आध्यात्मिक अवसर होता है। यह उपवास शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। नवदुर्गा का हिंदू धर्म में बहुत बड़ा महत्व है हमें अपने त्योहार को शांति और सामाजिक सद्भावना के साथ मनाना चाहिए। यह बात बड़ा मलहरा से डॉ देवदत्त द्विवेदी 'सरस' ने कही, वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की शनिवार को आयोजित साप्ताहिक 1627 वीं और ऑनलाइन 305 वीं संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। सागर से अमित मणीकांत चौबे ने काव्य पाठ करते हुए संगोष्ठी का संचालन किया। सागर से डॉ. करूणा ठाकुर ने भक्ति-भाव से माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की।

### ओलावृष्टि से तबाह फसलें, किसानों के समर्थन में उतरी कांग्रेस

# कांग्रेसियों ने शमशाबाद क्षेत्र के गांवों का दौरा कर जल्द सर्वे, मुआवजा और ऋण माफी की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

शमशाबाद क्षेत्र में हाल ही में हुई ओलावृष्टि ने किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है।

प्रभावित गांवों सांगुल, अडिया, परसौरा, सुरई मूडरा सहित अन्य क्षेत्रों का दौरा कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने किसानों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने खेतों में पहुंचकर नुकसान देखा और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। मोहित रघुवंशी ने आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी है और उन्हें राहत दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। उन्होंने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस प्रकार सैटेलाइट के माध्यम से खेतों में आग लगाने पर कार्रवाई होती है, उसी तरह ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलन भी तकनीक के जरिए कर तुरंत राहत दी जानी चाहिए।

उन्होंने मांग की कि प्रभावित किसानों का शीघ्र सर्वे कराया जाए, उचित मुआवजा और बीमा राशि दी जाए तथा किसानों के बैंक ऋण माफ किए जाएं। इस दौरान कई कांग्रेस नेता और स्थानीय किसान मौजूद रहे। कांग्रेस ने 23 मार्च को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की घोषणा भी की है।



**विदिशा।** खेतों में पहुंचकर नुकसान का जायजा लेते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई

**खुरई।** प्रदेश व्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन के द्वितीय दिवस में आज खुरई नगर के मध्य स्थित प्राचीन जल स्त्रोत जो कि ( अम्मा बावड़ी ) के नाम से पहचान को बनाए हुए है, आज उक्त जल स्त्रोत ( बावड़ी ) की एवं आसपास के क्षेत्र की बेहतरी से साफ सफाई करवाई गई । आसपास उगी झाड़ियों खरपतवार को निकलवाया गया एवं बावड़ी के चारो ओर निर्मात बाउंड्री वॉल पर पेंटिंग रंग रोगन कार्य करवाया गया। मप्र शासन द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश में 19 मार्च से शुरू हुए इस प्रदेश व्यापी 100 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खुरई नगर के प्रत्येक जल स्त्रोतों, जल संरचनाओं जलाशयों जिनमें छोटे बड़े तालाब, कुआं, बावड़ी, प्राकृतिक जल स्त्रोत एवं समस्त प्रकार के जल उद्गमों के क्षेत्रों को संरक्षित संवर्धित और सुरक्षित रखने की दिशा में निरंतर कार्य किया जायेगा। जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में खुरई नगर पालिका ने इस दिशा में कार्य आरम्भ कर दिया गया है। नगर पालिका की आईईसी टीम सफाई मित्रों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों समाजसेवी नागरिकों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है, स्थानीय नागरिकों में इस अभियान को लेकर उत्साह देखने मिल रहा है,महिलाओं बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भी इस अभियान में श्रमदान करते हुए सहभागिता निभाई जा रही है। सीएमओ राजेश मेहतेले सहायक यंत्री अविनाश रावत एवं उपयंत्री शैलेंद्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों आईईसी टीम सदस्यों को इस अभियान को व्यापक स्तर पर बेहतरी से संचालित करने की अपील की है।




## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारों ने संतोष सिंह पुत्र श्री दीवानसिह वघेल निवासी ग्राम खामखेडा तहसील व जिला विदिशा के स्वामित्व व आधिपत्य की ग्राम खामखेडा कस्वा प.ह.नं. 32 तहसील व जिला विदिशा में स्थित आराजी क्रमाक 19 रकवा 1.714 हैक्टर एवं आराजी सर्वे नंबर 20 रकवा 0.272 हेक्टर कुल किता 2 कुल रकवा 1.986 हैक्टर जिसकी चतुरसीमायें इस प्रकार हैं पूर्व दिशा में नाला बाद धीरजसिह की भूमि पश्चिम दिशा में लक्ष्मीनारायण तरनसिह व राजमोहन की भूमि उत्तर दिशा में धीरजसिह की भूमि दक्षिण दिशा में संतोष कुमार की भूमि है, को क्रय करने का रजिस्टर्ड विक्रय अनुबंध संपादित कराया गया है तथा उक्त रजिस्टर्ड विक्रय अनुबंध पत्र के पालन में मेरे पक्षकार को शीघ्र रजिस्टर्ड विक्रयपत्र संपादित कराना है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी राष्ट्रीयकृत बैंक प्रायवेट बैंक या शासकीय आदि का उक्त अनुबंधित भूमि पर किसी भी प्रकार का कोई, ऋण, भार, प्रभार हो या अनुवंधित भूमि कहीं रहन बंधक या विक्रय हो किसी भी प्रकार का कोई हक दस्तावेज हो या कोई दखल रखता हो अथवा उक्त विक्रय के संबंध में अन्य कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय मे मय असल दस्तावेज के आकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा निर्धारित अवधि उपरांत मेरा पक्षकार विक्रयपत्र संपादित करा लेगा तथा उसके उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
ऋषभ कुमार जैन एडवोकेट
195 रॉयल सिटी विदिशा म.प्र. मो.- 9406958629

## खबर संक्षेप

### श्रीराम नवमी पर्व को लेकर संगठन की तैयारी जोरों पर

**बाड़ी।** नगर में आगामी 26 मार्च को श्रीराम नवमी की तैयारियां व्यापक स्तर पर प्रारंभ हो गई हैं। संगठन ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि 26 मार्च को बालाजी धाम से शोभायात्रा शाम 5 बजे यात्रा प्रारंभ होगी, जिसका समापन मंगलवार बाजार में होगा। इस शोभायात्रा में आकर्षक के केंद्र में रथ पर श्रीराम की विशाल प्रतिमा, नीरज ग्रुप रायसेन की भोलेनाथ काली की आकर्षक प्रस्तुति, अघोरी नृत्य की डरावनी प्रस्तुति, डीजे, संगठन की सामूहिक प्रस्तुति, 25 घोड़े का सामूहिक नृत्य, 15 बग्गियों पर मनमोहक अलग-अलग देवताओं के मनमोहक प्रस्तुति, साहित्य कई आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगे। समिति द्वारा घर-घर जाकर सदस्यों द्वारा पीले चावल देकर आयोजन में उपस्थित का आमंत्रण दिया जा रहा है।

### सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**दीवानगंज।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज में शनिवार को सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न कक्षों में जाकर निरीक्षण किया। साथ ही ओपीडी रजिस्टर, दवाओं की उपलब्धता, प्रतिदिन औसतन आने वाले मरीजों की संख्या, उपचार सुविधा आदि की जानकारी लेते हुए मरीजों को बेहतर और तुरंत स्वास्थ्य सेवाओं देने के लिए निर्देश दिए।

### नवरात्रि पर तीन दिन से मंदिरों में हो रहे भजन

**दीवानगंज।** चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन चल रहा है। नवरात्रि को लेकर मंदिरों में करीब 15 दिन पहले से रंग-रोगन कराया गया। मंदिरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया। गांव-गांव में विशेष पूजा-अर्चना चल रही है। कई जगह धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। खेड़ापति हनुमान माता मंदिर दीवानगंज, अंबाडी और सेमरा में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंच कर जल अर्पित कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। मंदिरों में मातारानी की ज्योत जल रही है और सेवक सेवा कर रहे हैं।



## गले मिलकर दी मुबारकबाद

### ईद पर देखने को मिला आपसी सौहार्द और भाईचारे का 'अनूठा दृश्य'



**सिलवानी।** शुक्रवार की रात चांद के दीदार के साथ ही ईद-उल-फितर का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। शनिवार सुबह से ही शहर में ईद की रौनक देखने को मिली। लोग सुबह जल्दी उठकर नए-नए कपड़े पहनकर ईदगाह और मस्जिदों की ओर रवाना हुए।

सुबह साढ़े 7 बजे बजे ईदगाह में मुफ्ती जैनुल आबेदीन ने ईद की नमाज अदा कराई। इसके बाद 8 बजे जामा मस्जिद में मौलवी नसीम और 8:20 बजे बिलाल मस्जिद में मौलवी जुबेर के नेतृत्व में नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान देश में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे की दुआएं मांगी गईं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सौहार्द और भाईचारे का अनूठा दृश्य देखने को मिला।

» शहर काजी ने दिया एकता अखंडता भाईचारे का संदेश, जिले की तरक्की के लिए मांगी दुआएं

» ईद पर दावत में मीठी सिवइयों और शीर खुरमे की रही मिठास

# अमन-चैन की दुआ के लिए एक साथ उठे हाथ, ईदगाह पर हुई विशेष नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिलेभर में मुस्लिम समाज द्वारा ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पवित्र रमजान महीने में 30 दिनों के रोजे के बाद शनिवार को ईद का त्यौहार मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा धूमधाम उत्साह उमंग के माहौल में मनाया। सांची रोड़ स्थित ईदगाह पर सुबह ईद की विशेष नमाज अदा की गई।

नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और जिले में एकता अखंडता सहिष्णुता भाईचारे अमन-चैन कायम रहने की दुआ मांगी।

मीठी ईद के पावन मौके पर दिनभर घर-घर मीठी सिवइयों और शीर खुरमे चाट पकौड़े की दावतों का दौर चलता रहा। रिश्तेदारों, दोस्तों और परिचितों के यहां जाकर लोगों ने सिवइयां मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और खुशियां बांटी। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला, जहां उन्होंने नए कपड़े पहनकर बड़ों से ईदी प्राप्त की।

बाजारों में भी ईद की रौनक देखने लायक रही। सुबह से ही मिठाई, सेवईंया ड्राई फ्रूट्स और कपड़ों जूते चप्पलो की दुकानों पर भीड़ उमड़ी रही।



### भाईचारे की मिशाल, हिंदू भाईयों ने मुस्लिमों को दी ईद की बधाई

शहर काजी जहीरूद्दीन खान मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष इलियास पठान सहित मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि ईद-उल-फितर आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। इस दिन लोग पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे के करीब आते हैं और समाज में एकता का संदेश देते हैं। हिंदू भाईयों ने मुस्लिमों को गले मिलकर ईद की बधाई दी। शहर में प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

### ईद-उल-फित्रः अल्लाह की तरफ से तोहफा है ईद

**सलामतपुर।** कस्बे सहित पूरे जिले में शनिवार को ईद उल फित्र का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। ईदगाह पर सुबह 7:45 पर जामा मस्जिद के पेशे ईमाम आलिम नसीम एहमद द्वारा ईद की विशेष नमाज़ पढ़ाई गई। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह पर ईद की नमाज़ पढ़ने के बाद सभी धर्मों के लोगों के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी भी सुरक्षा को लेकर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



### पवित्र रमजान माह में मुस्लिम समाज के लोगों ने रखे रोज

## ईदगाह-मस्जिदों में हुई ईद-उल-फितर की विशेष नमाज, उत्साह से मनाई ईद

**बरेली।** रमजान का पवित्र महिना होने के बाद शनिवार को नदी रोड पर स्थित ईदगाह के साथ जामा मस्जिद मंडी मंस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज़ अदा करने, अमन चैन, खुशहाली की दुआ में हजारों हाथ उठे। परंपरानुसार नगर परिषद द्वारा टेंट लगा कर नमाज अता करने आए मुस्लिम भाईयों का इत्र लगा कर गले, हाथ मिला कर आत्मीय स्वागत किया गया।

### ईदगाह के बाहर नगर परिषद ने मंच लगा कर किया मुस्लिमों का स्वागत




ईदगाह के बाहर मैदान में न.प. द्वारा टेंट लगाया गया। न.प. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, उप. नेपाल सिंह राजपूत, पार्षद पप्पू मेहरा, रणधीर चौधरी, पूरनसिंह धाकड़, सन्तोष राय, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, चौ. भूपेन्द्र सिंह, ज्ञानेन्द्र राजपूत सहित न.प. के कर्मचारियों की उपस्थिति बनी रही। सभी मुस्लिम भाईयों का स्वागत कर ईद की मुवारक देने का सिलसिला बना रहा। जामा मस्जिद मंडी मस्जिद के बाहर मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे के गले मिल कर ईद की मुबारक बाद दी जाती रही।

### सद्भाव के साथ मनाया ईद उल फितर का त्यौहार

**सांची।** नगर में मुस्लिम समाज द्वारा ईद उल फितर का त्यौहार सदभाव से मनाया गया। ईद उल फितर का त्यौहार आपसी भाईचारे और लोगों को सारी बुराइयों से दूर करके एक साथ मिलकर मनाया जाता है। लोगों ने सुबह से ही नवाज अदायगी के बाद मुस्लिम भाइयों द्वारा हिंदू भाइयों को गले मिलकर मिठाई खिलाई गई तथा भाईचारे का रिश्ता निभाया। देश में किसी प्रकार का कोई संकट ना आए इसलिए ऊपर वाले से दुआ की।

मंदिरों में विधि-विधान से चल रही पूजा-अर्चना

# नवरात्रिः देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की धूम, गूंज रहे माता के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

चैत्र नवरात्रि पर्व देवी भक्तों द्वारा श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही जय माता दी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो रहा है। अल सुबह से ही देवी मंदिरों में घंटियों की मधुर ध्वनि और भक्तों की आस्था ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।



नवरात्रि के तृतीय दिन रविवार को चंद्रघंटा देवी की पूजा विधि-विधान के साथ की गई। श्रद्धालु सुबह से ही नंगे पैर हाथों में जल और पूजन सामग्री लेकर मंदिरों की ओर बढ़ते नजर आए। मंदिर पहुंचकर उन्होंने माता रानी के दर्शन कर पूजा.अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के प्रमुख देवी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया।

भक्तों द्वारा ज्वारे बोए गए, जो नवरात्रि के विशेष अनुष्ठानों का हिस्सा हैं। भक्तों के हाथों में पूजन थाल, फूल, प्रसाद और श्रृंगार सामग्री दिखाई दी। जय माता दी के जयघोष से पूरा नगर धर्ममय वातावरण में रंग गया। मंदिरों में पूजा के दौरान विशेष उत्साह देखने को मिला और देवी भक्त पूरी श्रद्धा के साथ माता की आराधना कर रहे है। नगर के मॉ विजयासन मंदिर में विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ देखी जा रही है।

## लापरवाहीः खुले ट्रांसफार्मर ने ली गाय की जान, विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

बिजली विभाग की घोर लापरवाही एक बार फिर बेजुबान पशु की मौत का कारण बनी। ग्राम रमपुरा में जमीन के बेहद करीब और बिना किसी सुरक्षा घेरे (फेंसिंग) के लगे एक खुले ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से आज एक गाय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना विभाग की उस उदासीनता को उजागर करती है, जहाँ बार-बार चेतावनियों के बावजूद सुरक्षा मानकों को ताक पर रखा जा रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई जगहों पर ट्रांसफार्मर खुले पड़े हैं। इनके तार नीचे झूल रहे हैं और कोई बाउंड्री वॉल न होने के कारण यहाँ हर समय खतरा बना रहता है। आज गाय इसकी चपेट में आ गई, लेकिन कल कोई बच्चा या ग्रामीण भी इसका शिकार हो सकता है। बारिश के मौसम में खतरा और भी बढ़ जाता है, लेकिन बिजली विभाग इसे लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

### मुख्य बिंदु जो प्रशासन से करते हैं सवाल

- बिना फेंसिंग के ट्रांसफार्मर लगाना सुरक्षा नियमों का उल्लंघन क्यों नहीं है?
- क्या विभाग किसी बड़ी मानवीय जनहानि का इंतजार कर रहा?
- कब होगी लापरवाह कर्मचारियों और अधिकारियों पर कार्रवाई?

इस संबंध में कनिष्ठ अभियंता (जेई) शैलेश कुमार पटेल से बात की गई, तो उन्होंने हमेशा की तरह टालमटोल रवैया अपनाते हुए कहा, मामला संज्ञान में आया है, हम देखते हैं कि इसमें क्या किया जा सकता है। अधिकारियों के इस ढुलमुल जवाब से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

## पंच कुंडीय श्रीराम महायज्ञ हुआ प्रारंभ नगर में निकाली विशाल कलश यात्रा

### 27 मार्च को यज्ञ समापन, पूर्णाहूति व प्रसाद का वितरण होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

सांची जनपद के सुनारी सलामतपुर, कटसारी, तिजालपुर, राताताई, और आसपास क्षेत्रों में इन दोनों नवरात्रि पर्व को लेकर लेकर भक्तों के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में ग्राम कटसारी में मां खिरिया वाली माता से ग्राम बहेड़िया श्रीहनुमान मंदिर तक शनिवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया।



यह कलश यात्रा पंचकुंडीय सप्त दिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्री दुर्गाजी, शिव परिवार, हनुमान जी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत निकाली जा रही है। इसमें शनिवार को यज्ञ प्रारंभ, मंडप प्रवेश, अग्नि स्थापना का कार्यक्रम आयोजित हुआ। 27 मार्च को यज्ञ समापन देव विसर्जन, पूर्णाहूति व प्रसाद का वितरण होगा। वहीं 29 मार्च को कन्या भंडारा होगा। शनिवार को रास्ते में जगह जगह कलश यात्रा का श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया।

इस दौरान अंतर सिंह यादव, विरेन्द्र पुजारी, दान सिंह, रोहित यादव, बबलू यादव, सोरभ यादव, दीपक यादव, हेमंत यादव, राकेश यादव, प्रदीप यादव, शिवम यादव, नीलेश यादव, मुकेश यादव, कपिल यादव, रुपक यादव, मान यादव, विकास यादव, अमित यादव, अजय यादव, मिथलेश यादव सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई कथा

## महेश्वर में खेरापति माता मंदिर का निर्माण, प्राण-प्रतिष्ठा शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिपरिया मार्ग पर बसे ग्राम महेश्वर में खेरापति माता मंदिर का नव निर्माण हुआ। मंदिर में माता रानी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह 21 मार्च को ग्राम में महिला-पुरुषों द्वारा विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसी के साथ महामण्डलेश्वर पू. ब्रम्हचारी जी के मुखारविंद से 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अन्तगत नवरात्रि में शतचंडी यज्ञ हवन भी शुरु हो गया है।

आज शनिवार 21 मार्च से ग्राम महेश्वर में प्रारंभ हुए खेरापति माता मंदिर में प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा, शत चंडी महायज्ञ में ग्राम महेश्वर के साथ आसपास के ग्रामों से आए धार्मिक श्रद्धालु, नर-नारियों की भारी उपस्थिति रही। महिलाओं ने पीले



वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रख कर ग्राम की सड़कों पर विशाल शोभायात्रा निकाली जिसका स्थान-स्थान पर स्वागत किया गया।

शोभायात्रा समापन के बाद 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का विधि विधान के साथ शुभारंभ हुआ। नर्मदा क्षेत्र के ख्याति प्राप्त कथा व्यास पू. ब्रम्हचारी जी ने प्रथम दिवस कथा श्रवण से मिलने वाले पुण्य लाभ और महत्व का विस्तार से वर्णन किया गया।

सन् 1731 में जमीन से प्रकट हुई थी मां कंकाली की प्रतिमा, तभी से जल रही अखंड जोत

# कंकाली धाम में 45 डिग्री झुकी है मां काली की गर्दन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

चैत्र नवरात्र पर्व में सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। जिले में ऐसे कई प्रसिद्ध देवी धाम, जिनका इतिहास काफी पुराना होने के साथ एक अलग विशेषता हैं। ऐसा ही एक मंदिर है जिले की भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के गुदावल गांव में जो लगभग 300 साल पुराना मां काली देवी का मंदिर है, जो मां कंकाली धाम से प्रसिद्ध है।


यहां मां कंकाली की प्रतिमा की गर्दन 45 डिग्री तक झुकी हुई है। माता की प्रतिमा को लेकर स्थानीय रहवासियों और पुजारियों ने बताया कि माता यहां साक्षात विराजमान है। इसका जीवंत उदाहरण दशहरा पर्व पर देखने मिलता है, जहां माता की गर्दन कुछ पल के लिए तिरछी से सीधी हो जाती है।


यहां काली कंकाली माता के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मान्यता है कि जो भी नवरात्रि के दौरान माता काली की गर्दन को सीधा होते हुए देख लेता है उसके सभी बिगड़े काम बन जाते हैं। लोग इसे माता का चमत्कार ही मानते हैं। गुदावल गांव रायसेन से 25 और राजधानी भोपाल से महज 18 किलोमीटर ही दूर है।

### जमीन की खुदाई कर निकाली थी मां कंकाली की प्रतिमा

मंदिर समिति के भुवनेश शास्त्री और आचार्य पं. सनत पाठक के अनुसार सन् 1731 में गुदावल के ही एक पटेल को माता ने सपने में दर्शन देकर बताया था कि मैं जमीन के अंदर हूं। इसके बाद पटेल ने माता के बताए स्थान पर ग्रामीणों के साथ पहुंचकर खुदाई की, जहां माता कंकाली की प्रतिमा प्रकट हुई। मंदिर करीब 300 साल पुराना बताया जा रहा है।

यहां मां काली कंकाली की 20 भुजाओं वाली मूर्ति के साथ भगवान ब्रम्हा, विष्णु और महेश की प्रतिमाएं विराजमान हैं। वैसे तो यहां के देवी शक्तिपीठ में सालभर ही भक्तों की भीड़ लगती है। लेकिन शारदीय, चैत्र नवरात्र के त्यौहार में भक्तों का तांता लग जाता है।





### कंकाली देवी शक्तिपीठ में जल रही अखंड ज्योति

ग्राम गुदावल स्थित काली कंकाली देवी शक्तिपीठ में लगातार अखंड ज्योति जलती हुई चली आ रही है। मां काली कंकाली देवी अपने भक्तों की सभी मुरादें पूरी करती हैं। निसंतान दंपत्ति की सूनी गोद भरती है। राजधानी भोपाल सहित नर्मदापुरम (होशंगाबाद), रायसेन, सीहोर, देवास, विदिशा, सागर सहित हरदा जिले के देवी भक्त काली कंकाली देवी दरबार से अपनी अपार आस्था श्रद्धा रखते हैं।

### देवी मां का दिन में 3 बार बदलता है रूप

पुजारियों के अनुसार शारदीय चैत्र चैत्र नवरात्रि पर्व में काली कंकाली देवी मंदिर गुदावल की प्रतिमा दिन में तीन रूप बदलती हैं। इसीलिए यहां भक्तों का दिनभर तांता लगा रहता है। भक्त कंकाली देवी धाम में मत्था टेक मनोकामनाएं मांगने आते हैं। सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। प्रसिद्ध देवी धामों में तो लाखों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं। रायसेन जिले के भोजपुर विधानसभा के गुदावल गांव में करीब 300 साल पुराना मंदिर मां कंकाली धाम के नाम से प्रसिद्ध है। यहां मां कंकाली की मूर्ति की गर्दन 45 डिग्री तक झुकी हुई है। मां कंकाली के दरबार में अखंड ज्योति जल रही है। इसके अलावा मां कंकाली दिन में तीन बार अपना स्वरूप बदलती है।